


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 153 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 15 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

# गड़बड़ी का केंद्र बना राज्य शिक्षा केंद्र..!

## तीसरी बार फिर प्रश्न पत्र में सामने आई गलती



**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा चल रही है। प्रश्न-पत्र में लगातार गड़बड़िया सामने आ रही हैं। आठवीं के हिंदी के द्वितीय भाषा के प्रश्न-पत्र में भी बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इस प्रश्न पत्र के 9वें नंबर का प्रश्न दिया ही नहीं। आठवें नंबर के प्रश्न के बाद सीधे 10वें नंबर का प्रश्न पूछ लिया। इससे बच्चे भी हैरत में पड़ गए। बच्चों ने इसकी शिकायत केंद्र पर मौजूद शिक्षकों से की तो उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र से ही प्रश्न-पत्र आया है। शिकायत केंद्र तक पहुंचा देंगे। यह पहला मौका नहीं है जब प्रश्न पत्र में गड़बड़ी सामने आई हो। इसके पहले भी 5वीं एवं 8वीं के प्रश्न पत्रों में गड़बड़ी सामने आ चुकी है। इससे कई बच्चे प्रश्नों को हल ही नहीं कर पाए।

### तीन बार आ चुकी गलतियां...

राज्य शिक्षा केंद्र नहीं यह गड़बड़ी का केंद्र है। केंद्र ने पांचवीं एवं आठवीं कक्षा की परीक्षा बोर्ड तो कर दी। लेकिन, प्रश्न पत्र में गलतियों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। अब तक तीन बार गड़बड़ी आ चुकी है। इससे बच्चे प्रश्नों को हल नहीं कर पा रहे। केंद्र को या तो बोनस अंक देना चाहिए या फिर जितने अंक का प्रश्न है उतने अंक कम कर शेष बचे अंकों के आधार पर रिजल्ट जारी करना चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि कई बार प्रिंटिंग मिस्टेक हो जाती है। कई बार गलत नंबरिंग के कारण भी ऐसा हो जाता है। इसका फायदा बच्चों को मिलना चाहिए और जितने प्रश्न पूछे उस हिसाब से मार्किंग करनी चाहिए। यदि लगातार एक के बाद एक प्रश्न पत्र में गड़बड़ी हो रही है तो ध्यान रखने की जरूरत है। ताकि आगे गड़बड़ी ना हो।

### पिछले साल हुई थी गड़बड़ी, जीरो अंक तक दिए थे...

पिछले साल की बात करें तो दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई थी। 8वीं बोर्ड का संस्कृत का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस विषय की परीक्षा निरस्त कर दी और दोबारा परीक्षा कराई। इसके बाद रिजल्ट में भी गड़बड़ी की। रिजल्ट जारी हुआ तो पहले केंद्र के पोर्टल पर मार्कशीट में वर्ष 2022-23 की जगह 2021-22 लिख दिया। इसके बाद सुधार हुआ तो तीन दिन तक साइट नहीं खुली। रिजल्ट आया तो भी गड़बड़ी सामने आई और पांचवीं के पर्यावरण विषय में जीरो नंबर दे दिए। इससे कई बच्चे फेल हो गए। विरोध हुआ तो फिर रिजल्ट में सुधार किया गया।

### पहले भी इन प्रश्न पत्र में हो चुकी गड़बड़ी...

6 मार्च से पांचवी-आठवीं दोनों कक्षाओं की परीक्षा शुरू हुई थी। परीक्षा के पहले ही दिन दोनों ही कक्षा के हिंदी के पेपर हुए और दोनों ही प्रश्न पत्र में गड़बड़ी आई थी। कक्षा 5वीं का 21 नंबर का प्रश्न था छुट्टी का प्रार्थना पत्र लिखों। लेकिन, उत्तर-पुस्तिका में तीन लाइन की जगह दी गई थी। यही स्थिति आठवीं के पेपर में भी रही थी। इस कक्षा के प्रश्न पत्र में चरित्र प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र लिखो का प्रश्न आया। इसके लिए भी तीन लाइन की जगह दी गई थी।

7 मार्च को पांचवीं परीक्षा के गणित में 18वें नंबर का प्रश्न था कि नक्शा देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इसमें पहला विजय चौक और जनपद के बीच कौन सा मार्ग है और दूसरा नेशनल स्टेडियम से राष्ट्रपति भवन तक जाने के लिए रास्ते में कौन सा मार्ग आएगा। नक्शे में जो रास्ते बताए गए उनके अक्षर इतने छोटे प्रिंट किए कि जगह दिखाई नहीं दे रही थी। इससे कई बच्चे प्रश्न हल नहीं कर पाए थे।



# मौसम में बदलाव का असर सेहत पर

## सुबह-शाम ठंड, दोपहर में तेज गरमी से हो रही परेशानी, बढ़ रही मरीजों की संख्या

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मौसम का मिजाज बदलने से अस्पतालों में खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। तेज धूप और सुबह-शाम पड़ रही सर्दी सेहत को नुकसान पहुंचा रही है। मार्च के दूसरे सप्ताह से लगातार दिन-रात के के तापमान में वृद्धि दर्ज की जाकर अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री और न्यूनतम 16.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। बड़े अस्पताल की ओपीडी में जहां मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। वहीं, निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

बता दें कि इन दिनो सर्दी-जुकाम के साथ ही मरीजों के गले में दर्द और सूजन के मामले भी सामने आ रहे हैं। इसके अलावा हाथ पैर दर्द और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डाक्टरो के अनुसार यह मौसम परिवर्तन का असर है। दिन में तेज धूप और सुबह-शाम ठंड के कारण सर्दी-खांसी आम हो गई है। इससे बच्चों के अलावा बड़े भी प्रभावित हो रहे है।

### जल्द शुरू होगी तेज गर्मी...

अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दो दिन ऐसा ही तापमान बना रहेगा। इसके बाद तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। 12 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ। इसका असर अगले दो दिन प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में रहेगा। जिले में इसका असर नहीं रहेगा। मौसम वैज्ञानिको के अनुसार ईस्ट एमपी में सिस्टम की एक्टिविटी दिखाई दे रही है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है तो बादल भी छाएंगे। इससे पहले गर्मी का असर बढ़ा हुआ रहेगा। सिस्टम की एक्टिविटी दो दिन तक रहने का अनुमान है। इसके बाद प्रदेश में फिर से तेज गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी का असर और बढ़ेगा। मार्च के आखरी दिनों में तापमान हाई रहेगा।

# जली हुई कार में था डोडाचूरा

## पकड़े जाने के डर से दुर्घटनाग्रस्त कार को लगाई आग, नंबर प्लेट पहले ही निकाल ली थी

**शामगढ़, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के परासली रोड़ केंद्रीय विद्यालय के सामने जली हुई कार संदिग्ध अवस्था मे मिली। बताया गया है कार में मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ था। आशंका है कि तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए मादक पदार्थ सहित कार को भी जला दिया। आग लगाने के पहले कार की नंबर प्लेट निकाल ली गई थी। पुलिस के मुताबिक कार बेहद तेज गति में थी और अनियंत्रित होकर पलट गई होगी। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने कार में आग लगा दी।



मिली जानकारी के अनुसार शामगढ़ थाना क्षेत्र के परासली रोड पर एक कर संदिग्ध अवस्था में जली हुई दिखाई दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शामगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी उदय सिंह अलावा ने बताया कि घटना रात या अल सुबह की हो सकती है। कार की स्पीड करीब 100 से 120 की होगी। इसी दौरान परासली रोड केंद्रीय विद्यालय के सामने यू-टर्न पर कार असंतुलित होकर एक बिजली के पोल से जा टकराई और पलट गई। पुलिस को आशंका है कि कार में सवार व्यक्तियों को भी गहरी चोट आई होगी। कार में डोडाचूरा की तस्करी की जा रही थी। मौके से डोडा चुरा के जले हुए छिलके भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना के बाद पकड़े जाने के डर से तस्करों ने डोडाचूरा सहित कार में आग लगाकर सबूत नष्ट कर दिए। टीआई अलावा का कहना है कि कार को हमने जब्त कर लिया है। कार पूरी तरह जल चुकी है उस पर नंबर प्लेट भी नही थी। कोशिश की जा रही है कि कार के चेसिस नंबर मिल जाए तो उसके आधार पर आरोपियों की तलाश की जाएगी।

# मंदसौर आएंगे पांच नए टीआई

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में करीब 94 निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। जिसमें मंदसौर जिले को पांच निरीक्षक अर्थात टीआई मिले है। इनमें विक्रमसिंह इवने को देवास से मंदसौर, वरुण कुमार तिवारी को भिंड से मंदसौर, पुष्पेंद्रसिंह राठौर को नीमच से मंदसौर, ओंकारलाल बारिया को सिहोर से मंदसौर और धर्मेंद्र शिवहरे को रतलाम से मदसौर भेजा गया है।

# फसल में आग लगाई

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम महुआ में अज्ञात लोगों ने खेत में रखी फसल में आग लगा दी। जिससे किसान को बड़ा नुकसान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार रात में वरदीचंद राठौर के खेत पर ईसबगोल का ढेर रखा हुआ था। इस पर अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। जिससे पूरी फसल जलकर राख हो गई। करीब पांच बीघा की फसल बर्बाद होने से किसान को बड़ा नुकसान हुआ है।



# लोगों ने पकड़ा चोर, पुलिस ने छोड़ा

## कार में तोड़फोड़ कर सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ा

**पिपलिया मंडी, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोगों ने चोरी की नियत से आए बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने कुछ देर बाद ही उसे छोड़ दिया। जिससे लोगों में आक्रोश है। मौके पर पहुंचे टीआई को जल्द चोर को पकडने की मांग लोगों ने की। इसके बाद चोर को पकडने का आश्वासन टीआई ने दिया। दोपहर बाद बदमाश को पुलिस ने एक बार फिर हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात में एक मकान के बाहर एक व्यक्ति ने कार के लॉक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद कार को नुकसान भी पहुंचाया। यह घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जब चोरी के आरोपी की नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी तो उसने सीसीटीवी कैमरे को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद जब मकान मालिक की नींद खुली तो चोर भाग निकला। बाद में सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोर को रेलवे फाटक से पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। लेकिन, पुलिस ने कुछ ही देर बाद चोर को छोड़ दिया। इससे लोग आक्रोशित हो गए। टीआई मौके पर पहुंचे और लोगों से बात कर आक्रोश शांत किया।

# पूर्व जिपं उपाध्यक्ष गुणवंत पाटीदार धराया, 2016 से एनडीपीएस के मामले में था फरार!

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कुख्यात तस्कर कमल राणा के साथ मिलकर तस्करी का धंधा करने का आरोपी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गुणवंत पाटीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को बीते 8 साल से इसकी तलाश थी। नारायणगढ़ पुलिस ने बताया कि तस्करी के मामले में वर्षों से वांछित फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु जिला स्तरीय अभियान संचालित किया जा रहा है। धारा 307, 353, 427 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं 8/15 एनडीपीएस एक्ट में वाछित आरोपी गुणवंत पिता घनश्याम पाटीदार निवासी बूढ़ा को गिरफ्तार किया गया।



दरअसल 04 फरवरी 2016 को पिपलिया मंडी पुलिस ने एक ट्रेलर की घेराबंदी की थी। चालक द्वारा घेराबंदी को तोड़कर गाड़ी ना रोकने एवं पुलिस फोर्स पर फायर किया गया था। मौके से ट्रेलर का चालक और उसके साथी फरार हो गये थे। ट्रेलर की तलाशी लेने पर 32 क्विंटल 68 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल एवं दो राउण्ड बरामद किये गये थे। इस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना पिपलिया मण्डी पर धारा 307, 353, 427 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया था। जांच में ट्रेलर मालिक की पहचान जाकिर हुसैन पिता मोहम्मद फारुख निवासी गांधी नगर जीरन जिला नीमच के रूप में हुई। जो अपने घर से फरार था। पुलिस ने इस पर 10 हजार रूपए के ईनाम की घोषणा की। इसके बाद मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में जाकिर को रतलाम उसके ससुराल से 29 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### कमल राणा से पता चला गुणवंत था खेल में...

आरोपी जाकिर हुसैन द्वारा पूछताछ में उक्त अपराध में अपने सहयोगी के रूप में कुख्यात तस्कर कमल सिंह उर्फ कमल राणा पिता डूंगर सिंह राणा जाति सौंधिया राजपूत निवासी ग्राम बम्बोरी थाना रठाजना जिला प्रतापगढ़ (राज.) का नाम बताया था। कमल राणा पर पूर्व से लगभग 37 अपराध पंजीबद्ध होकर मादक पदार्थो का कुख्यात तस्कर होकर अनेक प्रकरणों में आरोपी होने से जिला जैल चित्तौड़गढ़ राजस्थान में निरूद्ध था जिसे विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट मंदसौर से प्रोडक्शन वारंट जारी कर 09 मार्च 24 को थाना पिपलियामंडी जिला मंदसौर लाया गया था। आरोपी कमल राणा का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की गई। जिसने उक्त अपराध में गुणवंत पिता घनश्याम पाटीदार निवासी बुढ़ा थाना नारायणगढ की संलिप्तता होना बताया। जिसे गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। गुणंवत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित आधा दर्जन से ज्यादा अपराध वायडी नगर, मल्हारगढ, नारायणगढ, थानों में दर्ज है।

### जमानत निरस्तीकरण मामला न्यायालय में विचाराधीन...

आरोपी थाना मल्हारगढ़ के अपराध एनडीपीएस एक्ट में अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) मंदसौर द्वारा विशेष सत्र प्रकरण 04/11 में 29 जुलाई 2017 को धारा 8 (सी) / 18 (सी) एनडीपीएस एक्ट में 05 वर्ष सश्रम कारावास और 75 हजार रूपये जुर्माना से दण्डित किया गया है। जिसके संबध में अपील पर आरोपी उच्च न्यायालय इन्दौर द्वारा बंध पत्र पर रिहा किया गया है। आरोपी द्वारा उच्च न्यायालय इंदौर में जमानत पर होने के बाद पुन: थाना नारायणगढ पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट घटित किया था जिसके संबंध में फरार होने के बाद नारायणगढ पुलिस द्वारा 04 दिसंबर 22 को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी द्वारा उच्च न्यायालय से थाना मल्हारगढ के अपराध में सशर्त जमानत पर रिहा होने के बाद पुन: थाना नारायणगढ में एनडीपीएस का अपराध घटित किया था। जिस संबंध में आरोपी गुणवंत पाटीदार का पूर्व जमानत निरस्तीकरण करने हेतु उच्च न्यायालय में एमसीआरसी विचारण हेतु लंबित है।

# चार साल बाद होगी नर्सिंग परीक्षा

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में 4 साल बाद आखिरकार परीक्षाएं होंगी। मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने इस संबंध में टाइम-टेबल जारी कर दिया है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच में उपयुक्त पाए गए 169 नर्सिंग कॉलेजों की परीक्षा के लिए यह टाइम टेबल जारी किया गया है।

बता दें कि नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद से सीबीआई जांच पूरी होने तक इन कॉलेजों को परीक्षाओं का इंतजार करना पड़ा। अब भी 139 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अयोग्य साबित हुए हैं। ऐसे में इन कॉलेजों में पढ़ने वाले करीब 12 हजार विद्यार्थियो का भविष्य अधर में है। इधर, बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष 2020-21 बैच, बीएससी नर्सिंग थर्ड ईयर 2019-2020, पीबी बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष 2020-21 और एमएससी नर्सिंग 2020-21 प्रथम वर्ष की परीक्षाएं इस साल अप्रैल से शुरू हो जाएंगी। बताया गया है कि करीब एक लाख बच्चे परीक्षा से 4 सालों से वंचित थे।



सरकारी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने अपनी मांगो के संबंध में विधायक विपिन जैन को दिया ज्ञापन।

# अप्रैल के तीसरे सप्ताह में आएगा 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम

## द्रुत गति से चल रहा था कापियां जांचने का कार्य

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का दूसरे चरण के मूल्यांकन कार्य निरंतर जारी है। 22 फरवरी से शुरू हुए मूल्यांकन कार्य में अब तक 50 प्रतिशत से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई है। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मार्च के अंत तक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा होना था। लेकिन, छह मार्च से नौवीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई हैं। इस कारण शिक्षकों की ड्यूटी इस परीक्षा में लगाई गई है। जिससे मूल्यांकन कार्य पर असर पड़ा है। कुछ दिन पहले माशिमं के अधिकारी 15 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी करने की संभावना जता रहे थे। लेकिन, अब उन्होंने इस समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह के अंत या चौथे सप्ताह की शुरुआत में परिणाम जारी हो सकते है।



बताया गया है कि मूल्यांकन केंद्रों पर विशेषकर यह ध्यान दिया जा रहा है कि शिक्षक निर्धारित नियमों का अनुपालन करते हुए मूल्यांकन कर रहे हैं या नहीं। शिक्षक एवं संलग्न स्टाफ उत्तरपुस्तिका जांचने के दौरान मोबाइल का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं एवं शिक्षक निर्धारित समय पर उपस्थित हो रहे हैं या नहीं। निगरानी के लिए प्रयुक्त सभी सीसीटीवी 360 डिग्री पर रोटेट हो रहे हैं।

### कई परीक्षाएं एक साथ चल रही...

वर्तमान में 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं और 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। साथ ही तीसरी, चौथी, छठवीं व सातवीं की वार्षिक परीक्षाएं भी चल रही हैं। इन परीक्षाओं में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इससे भी मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो रहा है।

### इनका कहना...

अब तक बोर्ड परीक्षाओं का 50 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य हो चुका है। कई कक्षाओं की परीक्षाएं एक साथ चलने के कारण शिक्षकों की ड्यूटी वहां लगाई गई है। हालांकि फिर भी अप्रैल के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक परीक्षा परिणाम जारी करने का लक्ष्य है।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल**

# अनिल फिरोजिया और लालवानी को फिर से प्रत्याशी बनाकर भाजपा हाईकमान ने नए संकेत दिए या हिदायत..!

**मंदसौर/उज्जैन, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के 29 में से रुके हुए 5 प्रत्याशियों के नाम की भी घोषणा कर दी है। इसमें दो नाम जिनके बारे में प्रदेश सरकार चलाने वाले नेता बदले जाने का दावा कर रहे थे। जिसमें इंदौर- उज्जैन लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी और अनिल फिरोजीया के नाम थे। अब जब भाजपा नेतृत्व ने इन्हें फिर से प्रत्याशी बनाकर प्रदेश सरकार चलाने वालों को आगाह कर दिया है कि सिर्फ प्रदेश चलाने की कमान दी है, मालिक नहीं बनाया है। राजनीतिक चर्चा की भाषा में कहा जा सकता है कि जो नेता इंदौर- उज्जैन के प्रत्याशी बदलने का दावा कर रहे थे, उनको जोर का झटका धीरे से लगा है।

इंदौर के राजनीतिक दृश्य में यह साफ नजर आता है कि सुमित्रा ताई से लेकर शंकर लालवानी और भाजपा के महासचिव वर्तमान प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गी के बीच राजनीतिक और सार्वजनिक रिश्तों में गहरी खटास लंबे समय से चल रही है। बीते सप्ताह भर से तो कैलाश विजयवर्गी यह सार्वजनिक कर चुके थे कि शंकर ललवानी का टिकट कट गया है। महिला कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जाना है। इस प्रसंग पर मंच की प्रस्तुति तक के वीडियो बन सार्वजनिक हो चुके थे, जिसमें मंच पर बैठी महिलाओं से कैलाश जी यह पूछते नजर आए कि क्या वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे?



चन्द्रमोहन भगत

अब पटाछेप हो चुका है कि इंदौर के संसदीय प्रत्याशी शंकर लालवानी है। दूसरा मामला है उज्जैन-आलोट संसदीय प्रत्याशी चयन का, यहां वर्तमान सांसद अनिल फिरोजिया सब की पसंद है। घोषणा रुकी थी कि इस सीट से महिला को प्रत्याशी बनाएंगे। इस क्षेत्र का राजनीतिक दृश्य भी साफ था मुख्यमंत्री मोहन यादव और अनिल फिरोजिया में व्यक्तिगत और राजनीतिक सामंजस्य का अभाव लंबे समय से नजर आ रहा है। जब पांच नामों में उज्जैन प्रत्याशी की घोषणा रुकी तो माना जाने लगा था कि मोहन यादव के करीबी प्रभु लाल जाटवा को प्रत्याशी बनाया जाएगा। जब महिला प्रत्याशी की बात उठी तब भी मुख्यमंत्री खेमें से प्रभु लाल जाटवा की बहू रानी जाटवा का नाम सतह पर चलने लगा था। फिरोजिया समर्थक ठंडे भी पड़ गए थे कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के रहते प्रत्याशी नहीं बन पाएंगे। हुआ एकदम उलट इंदौर, उज्जैन दोनों सीटों पर भाजपा हाई कमान ने प्रादेशिक छत्रपों को नकारते हुए अपने चहेते प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर डाली। भाजपा हाइकमान ने प्रदेश भाजपाईयों को यह संदेश भी दे दिया की प्रादेशिक छत्रप अपनी मर्जी से चाहे जो निर्णय लेंगे, उसे हाई कमान माने यह जरूरी नहीं है। इसके विपरीत लालवानी और फिरोजिया के चयन के घटना चक्र को देखने सुनने वालों ने यह भी जान लिया कि प्रदेश के उच्च स्तर के छत्रप नेता को भी भाजपा हाई कमान ने जोर का झटका धीरे से देकर मनमानी करने की छूट नहीं दी है। बचे पांचों प्रत्याशियों की घोषणा ने सभी प्रदेश के छत्रप नेताओं के होश उड़ा दिए हैं। छिंदवाड़ा से लड़ने का दावा शिवराज सिंह चौहान ने किया था, पर बंटी साहू को प्रत्याशी बनाकर चौंका दिया है। इसी तरह बालाघाट से विश्वेश्वर भगत को नजरअंदाज कर महिला पार्षद भारती पारदी को प्रत्याशी बना जिले के भाजपाइयों को विस्मय मे डाल दिया है। आखरी पांच प्रत्याशीयों की घोषणा मे भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि जब देश भर के प्रत्याशियों के चयन किए जा रहे हो, तब भी प्रदेश के क्षत्रप नेता व्यस्तता या जल्दबाजी की आड़ में प्रत्याशी चयन में नेतृत्व को अंधेरे में रख अपनी मनमानी नहीं करा सकते हैं।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमेप) द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार चम्पेवारजी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि उद्यमी बने, लाभ कमाये और उन्नति करें इनोवेशन नये विचार उद्यमी का प्रमुख गुण है। जैसे-जोमेटो का व्यापार, बिसलेरी आदि जो कार्य करते है उसके नये तरीके से करना। आपने सरकार की नई योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया किझ्चएइ-प्रधानमंत्री योजना (मैन्यूफैक्चरिंग) में महिलाओं को 25 प्रतिशत की सब्सिडी व गांव में 35 प्रतिशत की सब्सिडी मिलती है। छड्छए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 40 से 48 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है लेकिन इन्वेस्ट 50 लाख तक होना चाहिए। ज्तंकपदह - योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना 3 प्रतिशत सब्सीडी मिलती है।

श्री नत्नेशजी सेठिया रिटार्यड आरसेटी डायरेक्टर मंदसौर ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि एक उद्यमी को कार्य करने के लिए तैयार होना चाहिए। रोजगार से ही स्वरोजगार पर जाता है। एक उद्यमी नौकरी देने वाला होता है। हमे नौकरी देने वाले बनना है। आपने फायनेंस् केलियोग्राफी के बारे में भी बताया। श्री संजय मोदी जी लीड बैक मैनेजर ने कहा कि फर्जी कालिंग से सावधान रहे अपना ओटीपी किसी से शेयर न करे। श्रीमती रेहाना पाटिल जी सोश्यल वर्कर ने छात्राओं को मोटीवेट किया। आपने कहा कि उद्यमी बनने के लिए स्वप्रेरणा होना आवश्यक है। महिलाओं के लिए अधिकार 375-376 क्राइम आईपीसी एक्ट में 304 धारा लगती है। नारी शक्ति वंदना-2023, किशोर न्याय बोर्ड-18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए है इसमें सजा 3 साल की स्पेशल केस में होती है। घरेलू हिंसा



से संरक्षण, समान परिश्रमी अधिनियम 1976, दहेज निषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम-2017, पारिवारिक न्यायालय अधिनियम 1956 आदि इन सभी नियमों की महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए।

श्री दिनेशजी रायकवार खादी ग्राम उद्योग बोर्ड ने छात्राओं को अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु होने पर 20लाख से 50 लाख तक लोन लेने पर 25 प्रतिशत सब्सीडी दी जाती है। जिला समन्वयक सैडमेप श्री नीरजसिंहजी ने शिविर की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि आज का युग प्रति स्पर्धात्मकता का युग है। बेरोजगारी दिनोदिन बढती जा रही है। युवाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए उद्यमिता की ओर अग्रसर होना ही समय की मांग है। कार्यक्रम का प्रांरभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार, द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं अतिथि परिचय देते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया कि कम संसाधनों में भी दृढ निश्यय से अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते है। साथ ही आपने छात्राओं को उद्यमिता जागरूकता के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ में डा.शीला आर्य, डा.निरंजन गंगवाल, डा.अखलाकमन्सूरी, सुश्री नौरीन कुरैशी, डॅ.प्रीति मुरडिया, डा.स्मिता मण्डलोई, डा.सपना डे, श्रीमती दिपिका कश्यप, श्रीमती दिपिका बंधवार, चेतना द्विवेदी, डा.आरिफ पठान, श्री मनीष पांचाल, डा.अनुराग आर्य, सुश्री अंजली तिवारी आदि उपस्थित थे। शिविर का संचालन डा.अंजली जैन एवं आभार डा.भारतसिंह कलेश समन्वयक, कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठने माना।

## मंसूरी का हुआ राष्ट्रीय एकता शिविर फतेहाबाद हरियाणा में चयन

**मनासा, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।**



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय आर.वी. कॉलेज मनासा जिला नीमच के स्वयंसेवक समीर मंसूरी पिता यूनुस मंसूरी का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर फतेहाबाद हरियाणा में हुआ है। इनका चयन राष्ट्रीय सेवा योजना में निस्वार्थ एवं समर्पित भाव से सेवा कार्यों को देखते हुए हुआ है यह शिविर 12 से 18 मार्च तक मनोहर मेमोरियल पीजी कॉलेज फरीदाबाद , हरियाणा में लग रहा हैं। समीर मंसूरी विश्वविद्यालय के साथ ही पुरे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं। इनके इस चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एम.एल. धाकड़, रासेयो जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आशा पटेल सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में अभ्यर्थी नि:शुल्क ले सकते है भाग

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन में जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि पुलिस भर्ती, आर्मी अग्निवीर के अभ्यर्थियों एवं एथलेटिक्स खेल की सभी खिलाडियों के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण पी.जी. कॉलेज खेल मैदान मन्दसौर में प्रात: 6 बजे एवं शाम 5 बजे आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा के मो. 9981795075 पर या कार्यालयीन समय में खेल और युवा कल्याण विभाग रेवास देवड़ा रोड, मंदसौर में सम्पर्क कर सकते हैं।



# नपा द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान

### नपाध्यक्ष गुर्जर, उपाध्यक्ष चावला, सभापति मकवाना ने सफाई दरोगाओं को किया सम्मानित

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा गुरुवार को नपा सभागृह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सफाई मित्रों (नगरपालिका सफाई कर्मचारियों) का सम्मान किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रामेश्वर मकवाना, विजय पोपट, राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान एवं वार्ड के पार्षदों ने सफाई मित्रों (सफाई दरोगाओं) का प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला रेडक्रास चेयरमेन प्रीतेश चावला, नपा पार्षदगण भारती धीरज पाटीदार, गरिमा हितेन्द्र भाटी, निलेश जैन, निर्मला चंदवानी, रमेश ग्वाला, कमलेश सिसौदिया, शेलेन्द्र गोस्वामी, दीपक गाजवा, गोरर्धन कुमावत, राकेश भावसार, जयप्रकाश पमनानी, अमन फरक्या, बब्बन युसुफ गौरी, अनूप माहेश्वरी, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, ईश्वरसिंह चौहान, मंजू मालवीय आदि ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, गैरेज सहायक जाकिर भाई, सीटी मिशन के अजय शर्मा सहित वार्ड के सभी सफाई दरोगाओं का प्रमाण पत्र भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदीजी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करते हुए स्वच्छता के लिये पूरे देश में जो कार्य किया है वह हम सभी के लिये प्रेरणादायी है। मंदसौर नगरपालिका ने पूरे उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करके जो नाम गौरवान्वित किया है, उससे हमें स्वच्छता में और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने कहा कि नपा के जनप्रतिनिधियों को भोपाल में जो सम्मान मिला है वह सभी सफाई कर्मचारियों के परिश्रम का परिणाम है। वार्ड के सभी 40 पार्षदों ने भी स्वच्छता के कार्य में जो सहयोग किया है वह सराहनीय है। स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने कहा कि मंदसौर नगरपालिका की स्वास्थ्य शाखा में जितने भी कर्मचारीगण है वे परिश्रमी है उनके परिश्रम से ही मंदसौर नपा को यह उपलब्धि मिली है। सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता के कार्य में नगर के जनप्रतिनिधियों को हमें भरपूर सहयोग मिलता है। जनप्रतिनिधि व कर्मचारी जब मिलकर काम करते है तो अच्छे परिणाम आते है। नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रामेश्वर मकवाना, पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नपा के पार्षदगणों ने स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर रामेश्वर मकवाना के जन्मदिवस पर उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर नागदा ने किया तथा आभार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचन्द शर्मा ने माना।

# सांसद गुप्ता ने सामाजिक संस्थाओं व वरिष्ठ नागरिकों से भेंट की



**मंदसौर/नीमच, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने गुरूवार को नीमच प्रवास के दौरान समाज के वरिष्ठजन एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों से भेंट की। सांसद गुप्ता ने लायन क्लब सेंट्रल, आई एम आई के सदस्यों व वरिष्ठ चिकित्सकों, कर सलाहरकार, सब्जी फ्रुट एसोसिएशन, सिंधी समाज के नागरिकों, रियल स्टेट, लक्कड मंडी व्यापारी, मंडी व्यापारी संघ/तुलावटी संघ, सिद्धी विनायक मंदिर समिति, अन्नपूर्णा सेवा न्यास समिति, यादव समाज के नागरिकों, रोटरी क्लब डायमंड, अभिभाषक संघ, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से भेंट की। सांसद गुप्ता ने चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत संकल्प की ओर बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया है। सांसद गुप्ता ने क्षेत्र की उपब्धियां भी गिनाई। उन्होने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की प्रगति के लिए सभी राज्यों को पर्याप्त संसाधन और राशि उपलब्ध करा रहे हैं, उनके नेतृत्व में निश्चित ही भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। सांसद गुप्ता ने नीमच मेडिकल कॉलेज, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नीमच स्टेशन का विकास, सीआरपीएफ में विकास कार्य, नवीन केन्द्रीय विद्यालय विकास कार्य सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ ही सांसद गुप्ता ने विभिन्न संस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक दृष्टि से कई संस्थाएं देश सेवा के कार्य कर रही है और देश के विकास में अहम योगदान दे रही है। सांसद गुप्ता ने सदस्यों द्वारा सेवा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यो के लिए अभिनंदन पत्र भेंट किया । इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, महेन्द्र भटनागर, सज्जन सिंह चौहान, संतोष चौपडा, राकेश जैन पप्पु, हेमंत हरित, सुनील कटारिया, मोहनसिंह राणावत, योगेश जैन, मधुसुदन राजौरा, आदित्य मालू आदि पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# जल संरक्षण में अहम भुमिका निभाएं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति-तृप्ती वैरागी

### मतदाता जागरूकता अभियान के क्रार्यक्रम आयोजित करें, मप्र जनअभियान परिषद विकासखण्ड सीतामऊकी समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सीतामऊ , 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड सीतामऊ की समिक्षा बैठक जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी कि विशेष उपस्थिती एवं विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान एवं जल संरक्षण को लैकर गांव-गांव में अभियान चलाने का आव्हान ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से किया गया। साथ ही नवांकुर संस्थाओं को एक सप्ताह में सक्रिय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से सत्यापन पत्रक जमा करने के निर्देश दिये गये। समरसता अभियान के कार्यक्रम भी आयोजीत करने के निर्देश दिये गये। जिला समन्वयक श्री वैरागी ने कहा की मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सभी सामाजिक कार्यक्रर्ता प्रयोगशाला के गांव में गतिविधियां आयोजित कर अवगत कराए। परामर्शदाता समय-समय पर बच्चों का मार्गदर्शन कर शत-प्रतिशत असाईमेंट जमा कराएं।

इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने कहा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां एवं नवाकुर संस्थाएं जो भी कार्य करें उसे मोबाईल एप्प पर जरूर अपलोड करे। कार्यक्रम का शुभारम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण के साथ प्रारभ हुआ। संचालन परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने किया। बैठक में परामर्शदाता हेमन्त गोड, हरिओम गंधर्व, राजबहादुरसिह, किशोर प्रजापति,उदय धाकड,मंगला बैरागी, चरणसिंह चौहान ,नवांकुर संस्था से



दिलीप भटनागर,रजनीश शर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से निर्भयसिंह सगोर, गणेश वर्मा ,जगदीश मेहर, राधेश्याम बैरागी,रमेशचद्र गेहलोत, राजेश पालीवाल,लक्ष्मण मालवीय, मांगीलाल बामनिया,भगतराम राठोर, विनोद मेहर,सीमा पाण्डे,पुष्पा बैरागी,मांगीलाल लिलोरिया,गजेन्द्र पाटीदार,केलाश गुर्जर,बालाशंकर धाकड,जगदीश धाकड, ऐरा, बद्रीलाल धाकड सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य,नवांकुर संस्था के कार्यक्रर्ता एवं मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता उपस्थीत थे।



## अतिरिक्त कक्ष का वर्चुअल भूमिपूजन हुआ

**नगरी, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में सांसद निधि से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का वर्चुअल भूमिपूजन गुरूवार को विद्यालय समिति पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, सागरमल मेहता की सहभागिता रही । सशिमं परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय समिति के रामप्रताप वाकतरिया, घनश्याम बग्गड, प्रधानाचार्य श्रीराम बंबोरिया एवं समिति सदस्यों एवं संस्था के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# फाग की मस्ती में झूमी माहेश्वरी समाज की महिलाएं, खेली गुलाल व फूलों से होली

### माहेश्वरी महिला मंडल ने उल्लास से मनाया फाग महोत्सव



**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी महिला मंडल मंदसौर द्वारा माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड मंदसौर पर भव्य फाग महोत्सव का आयोजन हर्ष उल्लास के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा रंग गुलाल और फूलों से होली खेल कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया। साथ ही समाज की महिलाओं ने भजन, कीर्तन, होली के गीत भी गाए। तत्पश्चात सभी महिलाओं ने भोजन प्रसादी भी ग्रहण की। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष मंजू जाखेटीया, सचिव राखी मंडोवरा, कोषाध्यक्ष सुनीता बाहेती सहीत मंडल की मणीमाला मालू, भावना सोमानी, सुरेखा झंवर, रेणुका सोमानी, जया सोमानी, वंदना सोमानी, तारा कासट, आभा सोमानी, संगीता खजांची, मधु धूत, सीमा चिचानी, संगीता मंडोवरा, मीनल मंडोवरा, मधु काबरा, मीना जाजू, शिखा चिचानी, निकिता जाखेटीया, किरण डागा, अंजू सोमानी, निर्मला राठी, खुशबू सोमानी, रितिका माहेश्वरी, उर्मिला पसारी, कल्पना समदानी, अंजू मालू, लाड़कुंवर मालू, संतोष चिचानी सहित अन्य समाज की महिलाओं भी उपस्थिति रही। उपरोक्त जानकारी महिला मंडल प्रवक्ता राधिका जाखेटीया एवं राज चिचानी ने संयुक्त रूप से दी।

## जिले से बाहर पशुचारा निर्यात पर प्रतिबंध

**नीमच, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दारा म.प्र.पशु चारा(निर्यात नियंत्रण) आदेश2000 के तहत पशुओं के आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारा, भूसा, घास, ज्वार आदि पशु चारे का उपयोग ईट भट्टे में जलाने, फैक्ट्रियों में जलाने एवं प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात को तत्काल प्रभाव से 30 जून 2024 तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्तानुसार समस्त् प्रकार के भूसा, चारा, घास, कडवी आदि को कोई भी कृषक, व्यापारी, व्य क्ति या निर्यातक संस्था किसी भी प्रकार के वाहन, नाव, मोटर-ट्रक, बैलगाडी एवं रेल्वे अथवा अन्य साधन व्दारा जिले के बाहर बिना कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लिखित अनुमति के निर्यात नहीं करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, भारत की नागरिकता देने का कानून-पाण्डेय

### विरोधियों द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों में न आये मुस्लिम समाज

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू हो गया है। इस कानून को लेकर कई भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। खासकर मुस्लिम समाज को बहकाने की कोशिश की जा रही है, जबकि भारत के मुस्लिमों पर इस कानून का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



उक्त बात कहते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र पाण्डेय ने नागरिकता संशोधन कानून के महत्वपूर्ण बिन्दूओं को बताते हुए कहा कि इस कानून में अन्य धर्मों वाले भारतीय नागरिकों की तरह भारतीय मुस्लिमों के लिए आजादी के बाद से उनके अधिकारों के उपयोग की स्वतंत्रता और अवसर को कम किए बिना, सीएए यानी नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर उत्पीडन के शिकार और 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले लोगों के उत्पीडन की पीड़ा को कम करने और उनके प्रति उदार व्यवहार दिखाने के उद्देश्य से नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधी को 11 से कम कर 5 साल कर दिया है। श्री पाण्डेय ने सिटीजनशीप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीएए याने नागरिकता संशोधन कानून 2019 तीन पडोसी देशों (पाकिस्तान अफगानिस्तान बांग्लादेश) के उन अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोलता है जिन्होंने लंबे समय से भारत में शरण ली हुई है। इस कानून में किसी भी भारतीय चाहे वह किसी मजहब का हो की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से खतरा नहीं है। सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुडे शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी।

## मुख्य बाजार एवं नया बस स्टैंण्ड से 52 क्वार्टर तक हटाया अवैध अतिक्रमण

**सुवासरा, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा नगर परिषद में शासन के आदेश अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सविता डॉक्टर बालराम परिहार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह राठौर के द्वारा नगर में तीन दिन पहले नगर में अलाउंस लगाया गया था कि हो रहे हाथ ठेला सब्जी विक्रेता व्यावसायिक व्यापारियों एवं अन्य सामग्रियों को अपने अपने स्थान पर सुरक्षित रखें डिवाइडर एवं सड़कों पर अवैध ठेला एवं अन्य सामग्री ना रखें जिस पर शासन के द्वारा सामग्री जप्त की जाएगी जिसमें हाथ ठेला व्यवसाय एवं व्यापारियों द्वारा ना समझते हुए दिनांक 12/3/2024 को अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई गई सुवासरा नगर परिषद की टीम ने अवैध अतिक्रमण व डिवाइडर एवं सड़कों पर अतिक्रमण कर अन्य सामग्री लेकर बैठे दुकानदारों एवम् हाथ ठेला जो सब्जी का कारोबार डिवाइडर से हटा कर करते है और गणेश मंदिर चौराहे पर यातायात बाधित करते हैं।उन्हे तत्काल हटाया गया। और बता दें की नव निर्मित सब्जी बाजार गोल स्कूल के पीछे बनाया गया है वहां पर ही सब्जी बाजार लगाने की सख्त हिदायत सीएमओ राठौर द्वारा दी गई।कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह राठौर एवं परिषद के अमले ने गणेश मंदिर चौराहे पर सब्जी बाजार लगाने वालों पर कार्यवाही की हे। लेकिन सब्जी का व्यापार करने वाले कुछ समय के दिन में वहां से हट जाते है और शाम होते वहां ठेलो का जमावड़ा लग जाता है।

# अकुशल श्रमिक और उनके आश्रित होंगे कुशल

### मज़दूरों को कौशल प्रशिक्षण, सीख रहे कम्प्यूटर, सेडमैप द्वारा विभिन्न ट्रेड में तीन हजार श्रमिकों को नि:शुल्क प्रशिक्षण

**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उद्योगों में सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) के बढ़ते उपयोग को देखते हुए अब श्रमिकों और उनके परिवार के आश्रितों को नि:शुल्क कम्प्यूटर सिखाया जा रहा है। प्रदेश के श्रमिक और उनके आश्रित अपनी रूचि के अनुरूप सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम सीख रहे हैं। उन्हें इलेक्ट्रिशियन, फिटर मैकेनिकल और वेल्डिंग वर्क में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रकार का प्रशिक्षण मध्यप्रदेश के तीन हजार श्रमिकों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है। सेडमैप की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि श्रमिक और उनके परिवार के आश्रितों का जीवन स्तर ऊँचा उठाने और आजीविका संवर्धन के लिए उन्हें नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा उद्योगों की आवश्यकता और मांग को देखते हुए विभिन्न ट्रेडमें तीन हजार श्रमिकों को मार्च माह के अंत तक प्रशिक्षित कर दिया जाएगा।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने के लिए कुशल, उच्च कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता की पूर्ति करने के उद्देश्य से सभी प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए साफ्टवेयर डेवलपमेंट ट्रेड में 600, डेस्क टॉप पब्लिशिंग (डी.टी.पी.) ट्रेड में 450 श्रमिकों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के साथ ड्राफ्टस पर्सन सिविल वर्क में 450, इलेक्ट्रिशियन टेऱड में 600, वेल्डिंग ट्रेड में 450 और फिटर ट्रेड में भी 450 इस प्रकार कुल 3000 श्रमिकों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर जिला मुख्यालयों में यह कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अकुशल श्रमिक एवं उनके आश्रित लघु अवधि कौशल प्रशिक्षण पाकर उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार हो सकें। प्रशिक्षण द्वारा पात्र पंजीयनधारी श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड से जुड़े परिवार के सदस्य लाभान्वित हो रहे हैं। यह सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह नि:शुल्क हैं। सेडमैप की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि इंदौर और भोपाल के आसपास संचालित हो रहे उद्योगों में सर्वाधिक साफ्टवेयर डेवलपर, डी.टी.पी. वर्क, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, फिटर ट्रेड में 2600 कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता की पूर्ति की जाना है, जबकि जबलपुर में इलेक्ट्रिशियन और ग्वालियर में साफ्टवेयर डेवलपर ट्रेड में अधिक मांग को देखते हुए 200-200 श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत राजधानी भोपाल में सबसे अधिक 1350 श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) तीन दशकों से भी अधिक समय से प्रगतिशील और अविश्वसनीय रूप से कार्य कर रहा है। संस्था ने एक परिश्रमी और महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में कौशल विकास और उद्यमिता विकास में एक मानक स्थापित किया है। एक स्वायत्त निकाय और गैर-लाभकारी संस्था के रूप में सेडमैप की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी तब से अब तक कोई 35 वर्ष की अपनी यात्रा में सेडमैप ने समाज के उत्थान के लिए उद्यमिता विकास गतिविधियों के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। यही वजह है कि सेडमैप को उद्यम कौशल वृद्धि के साथ-साथ आजीविका विकास गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक प्रमुख एवं विश्वसनीय संस्था की मान्यता प्राप्त है। यह मध्यप्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है। सेडमैप ने संबंधित संसाधनों और दक्षताओं का उपयोग करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अनुबंध भी किए हैं ताकि प्रशिक्षण परियोजनाओं के परिणाम में सुधार किया जा सके। ऽसेडमैप उद्यमों और रोजगार-स्व-रोज़गार के लिए एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। सेडमैप से सम्बंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://cedmapindia.mp.gov.in पर उपलब्ध है।



## मिट्टी के मटके



ग्रीष्म का आना
शीत का अंत
फागुन माह
ऋतु बसन्त।
शीत सुहाई
ग्रीष्म गरमाई
दिन पंखों के
छूटी रजाई
चाहत, दो घूँट
पानी मटकें
राहत दे रहे
मिट्टी के मटके

नंदकिशोर राठौर मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 36 | 2259 | 2292 |
| उडद | 1 | 5000 | 5000 |
| सोयाबीन | 2185 | 3701 | 4666 |
| गैहु | 11500 | 2280 | 2770 |
| चना | 1600 | 4000 | 5735 |
| मसुर | 400 | 4500 | 5904 |
| धनिया | 366 | 6000 | 8000 |
| लहसुन | 28700 | 3000 | 12000 |
| मैथी | 1900 | 5990 | 6401 |
| अलसी | 670 | 4701 | 5341 |
| सरसो | 924 | 4501 | 4971 |
| तारामीरा | 3 | 4640 | 4640 |
| इसबगोल | 9 | 10001 | 15000 |
| प्याज | 391 | 600 | 1602 |
| कलोंजी | 40 | 16900 | 19088 |
| डॉलर | 10 | 59001 | 8900 |
| तिल्ली | 0000 | 00000 | 00000 |
| मटरसुखी | 20 | 3100 | 5902 |
| असालीया | 117 | 6925 | 7090 |

### सिविक सेन्टर में भूमाफिया राजेन्द्र पितलिया के षडयंत्र से कराई गई...

# रजिस्ट्रियों की निरस्ती के साथ बोधि स्कूल की लीज निरस्त होना भी जरूरी

**रतलाम, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी सिविक सेन्टर की बेशकीमती जमीनों को हडपने के लिए भू माफिया राजेन्द्र पितलिया द्वारा बुना गया षडयंत्र उजागर होने के साथ ही नगर निगम परिषद द्वारा इन रजिस्ट्रियों को निरस्त कराने का संकल्प पारित किया जा चुका है। नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त एपी सिंह गहरवार और उपायुक्त विकास सोलंकी निलम्बित भी किए जा चुके है। लेकिन भूमाफिया पितलिया द्वारा किया गया इसी तरह का एक और बोधि स्कूल घोटाला नगर निगम के जिम्मेदारों की राह देख रहा है। इस मामले में आर्थिक अपराध अनुसन्धान शाखा द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के बावजूद नगर निगम ने अब तक इस फर्जी लीज को निरस्त नहीं किया है और नही इस भवन को अधिगृहित किया गया है।

भूमाफिया राजेन्द्र पितलिया ने जिस तरह से राजीव गांधी सिविक सेन्टर के भूखण्डों को हडपने का षडयंत्र रचा था, ठीक उसी तरह से उसने 25 साल पहले डोंगरे नगर में एक बडा व्यावसायिक भूखण्ड फर्जीवाडा करके कब्जा किया था। पितलिया ने डोंगरे नगर में स्थित बोधि स्कूल वाली 34 हजार 765 वर्गफीट जमीन को न्यू रतलाम पब्लिक स्कूल के नाम से मात्र दस रु.प्रति वर्ग फीट के दाम पर लीज पर ले लिया था। जबकि वास्तविकता यह थी कि लीज होने के समय रतलाम पब्लिक स्कूल नाम की कोई संस्था ही अस्तित्व में नहीं थी। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों ने इस फर्जी संस्था के नाम पर जमीन की लीज डीड संपादित करवा दी थी। मजेदार तथ्य यह है कि उस समय भी नगर निगम के आयुक्त एपीएस गहरवार ही थे। पितलिया का षडयंत्र यहीं नहीं थमा, बल्कि नगर निगम से स्कूल के लिए जमीन लेने वाली फर्जी संस्था रतलाम पब्लिक स्कूल ने उक्त जमीन आगे एक नई संस्था बोधि इन्टरनेशनल स्कूल को किराये से दे दी। जिस संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं था, पहले उसके पक्ष में लीज करवाई गई और फिर इस अस्तित्व हीन संस्था ने यह जमीन एक दूसरी संस्था को देदी। फिर इस जमीन पर राजेन्द्र पितलिया द्वारा बोधि इन्टरनेशनल स्कूल का संचालन प्रारंभ कर दिया गया।

इस पूरे मामले की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सक्सेना द्वारा आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा को की गई। जब इओडब्ल्यू ने इस मामले की जांच की तो पता चला कि इस घोटाले में नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त एपीएस गहरवार समेत कई अधिकारी शामिल थे। इओडब्ल्यू ने इस मामले में तत्कालीन आयुक्त एपीएस गहरवार समेत अन्य नगर निगम अधिकारियों और राजेन्द्र पितलिया के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और कूट रचित दस्तावेज तैयार करने और धोखाधडी जैसी गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया था। आर्थिक अपराध अनुसन्धान शाखा द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया था कि बोधि स्कूल को किराये पर दी गई जमीन की लीज डीड फर्जी तरीके से करवाई गई थी, नगर निगम को तुरंत इस लीज निरस्ती की कार्यवाही करना चाहिए थी। लेकिन भूमाफिया राजेन्द्र पितलिया के प्रभाव के चलते बरसों गुजर जाने के बावजूद नगर निगम द्वारा लीज निरस्त नहीं की गई इतना ही नहीं राजेन्द्र पितलिया द्वारा बोधि स्कूल के बाहर अवैध तरीके से दुकानों का निर्माण करवा कर इनका विक्रय भी कर दिया गया परन्तु नगर निगम द्वारा इस के विरुद्ध भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। राजीव गांधी सिविक सेन्टर में राजेन्द्र पितलिया का षडयंत्र उजागर होने के बाद नगर निगम और शासन द्वारा की गई कार्यवाही के बाद अब यह प्रश्न जोर पकडने लगा है कि बोधि स्कूल की लीज निरस्त क्यो नहीं की जा रही है। जिस निगमायुक्त एपीएस गहरवार को सिविक सेन्टर में निलम्बित किया गया है, बोधि स्कूल वाला कारनामा भी उसी आयुक्त द्वारा अंजाम दिया गया था। ऐसे में नगर निगम को तुरंत बोधि स्कूल की लीज निरस्त करके शासन को हुई हानि के लिए दोषी अधिकारियों और भू माफिया राजेन्द्र पितलिया के विरुद्ध कार्यवाही करना चाहिए। बोधि स्कूल मामले के व्हिसिल ब्लोअर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सक्सेना का कहना है कि बोधि स्कूल की फर्जी लीड डीड को नगर निगम को स्वत: ही तुरंत निरस्त करते हुए घोटाला करने वाले भूमाफिया राजेन्द्र पितलिया और तत्कालीन दोषी अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करना चाहिए।

**यह था सिविक सेन्टर का घोटाला**–राजीव गांधी सिविक सेन्टर की बेशकीमती जमीनों को हडपने के लिए कुख्यात भू माफिया राजेन्द्र पितलिया द्वारा रचे गए षडयंत्र का सबसे पहले पर्दाफाश किया गया था। राजेन्द्र पितलिया की ही शह पर नगर निगम के अधिकारियों ने बिना एमआईसी या निगम परिषद की जानकारी में लाए सिविक सेंटर के 22 भूखण्डों की लीज डीड संपादित करवा दी थी। राजेन्द्र पितलिया की योजना के मुताबिक लीज डीड रजिस्टर्ड होने के कुछ ही समय बाद इन भूखण्डों को राजेन्द्र पितलिया के पुत्र, धर्मपत्नी और बहू इत्यादि के अलग अलग नाम से खरीद लिया गया। इसकी रजिस्ट्री भी हो गई और नामांतरण भी करवा लिए गए थे।




# राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट, 2029 से देश में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश

**नई दिल्ली, 14 मार्च।** देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। 18,626 पन्नों की इस रिपोर्ट पर अब राष्ट्रपति फैसला करेंगी। इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। माना जा रहा है कि समिति ने 2029 से देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान के अंतिम पांच अनुच्छेदों में संशोधन की सिफारिश की गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में छह महीने विलंब से, तो कहीं जल्दी चुनाव कराने की बात कही गई है। गत सितंबर में गठित समिति को मौजूदा संवैधानिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभा, पालिकाओं और पंचायतों में एक साथ चुनाव कराने की जांच करने और सिफारिश करने का काम सौंपा गया था। पूर्व राष्ट्रपति राम कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति में गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे शामिल हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी समिति का सदस्य बनाया गया था, लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

# भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक कल

### प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं चुनाव सह प्रभारी का मिलेगा मार्गदर्शन



**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा ने मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर विजय प्राप्त करने की कार्य योजना पर संगठनात्मक कार्य प्रारंभ कर दिये है। इसी क्रम में मंदसौर, नीमच, जावरा संसदीय क्षेत्र की आवश्यक बैठक 16 मार्च को शुभकामना रिसोर्ट मंदसौर पर मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश लोकसभा सह चुनाव प्रभारी सतीश उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। बैठक में भाजपा संभाग प्रभारी जीतू जिराती, लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़, सांसद प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला संगठन प्रभारी मंदसौर नीमच गोपी कृष्णा नेमा, क्षितिज भट्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष गण नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, प्रदीप उपाध्याय सहित वरिष्ठजनों की उपस्थिति रहेगी। बैठक कार्ययोजना अनुसार 16 मार्च को मंदसौर जिला मुख्यालय पर प्रात: 10:00 बजे प्रारंभ होगी। बैठक का द्वितीय चरण दोपहर बाद भाजपा जिला कार्यालय नीमच पर संपन्न होगा। बैठक की रूपरेखा इस प्रकार है मंदसौर जिला मुख्यालय स्थित शुभकामना रिपोर्ट पर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं संचालन समिति बैठक, भाजपा जिला पदाधिकारी / मण्डल अध्यक्ष, भाजपा जिला स्थायी आमंत्रित सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष / मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ जिला संयोजक, जनप्रतिनिधि गणों बैठक क्रमश: सम्पन्न होगी। ततपश्चात दीवार लेखन एवं बूथ विजय अभियान में भागीदारी कर बैठक हेतु मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश लोकसभा सह चुनाव प्रभारी सतीश उपाध्याय नीमच प्रस्थान करेंगे, जहां भाजपा जिला कार्यालय नीमच पर भाजपा ज़िला पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष की बैठक, मोर्चा जिला अध्यक्ष एंव मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ जिला संयोजक बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन द्वारा दी गई।

## पति, पत्नी के विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया। पिपलिया अयोध्या बस्ती निवासी जावेद खान ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर में पत्नी मुस्कान से घर में रखे गंदे बर्तन धोने की कहा तो उसने मना कर दिया और उसने उसकी मां शमीम बानो, भाई नवाजिश व मोईन को भी यहां बुला लिया व कहा कि यहां नही रहूंगी। बाद में मेरी सास व सालों ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की व घर में रखा सामान भी तोड़-फोड़ दिया। इसी तरह शांतिविहार कॉलोनी पिपलिया निवासी मोईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी बहन मुस्कान का मोबाइल पर कॉल आया कि पति जावेद मारपीट कर रहा है हम समझाने गए तो जावेद ने हमारे साथ मारपीट की व सलिए से हमला किया, जिससे मुझे मेरे भाई व मां को चोंटे आई। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में दोनों पक्षों के 4 लोगों पर केस दर्ज किया।

## ✼संयुक्त उठावना✼

स्वर्गीय कन्हैयालाल जी के सुपुत्र एवं रमेश चंद के छोटे भाई व सुरेश ओम प्रकाश घनश्याम गोपाल के बड़े भाई व अशोक पंकज के चाचा जी व रोहित लोकेश के बड़े पापा मयंक तनिष्क के दादाजी एवं कैलाश जी राधे श्याम जी स्वर्गीय श्याम जी गर्ग बोहेड़ा वालों के जमाई एवं रवि के पूज्य पिताजी जगदीश चंद जी मित्तल का स्वर्गवास 14.3.2024 गुरुवार को हो गया जिनका उठावना 15-3-24 शुक्रवार को 11 बजे स्थान अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा मंदसोर मे रखा गया है।

**✼✼✼ शोकाकुल ✼✼✼**
**बालू राम जी हुक्मीचंद जी गर्ग बोहेड़ा वाले नीमच**
**बैठक का समय शाम 7:00 से 8:00 नीज निवास स्थान**

## ✼संयुक्त उठावना✼

स्वर्गीय केसरीमलजी के सुपुत्र एवं शांतिलालजी के भतीजे एवं स्व. हिम्मतसिंहजी के छोटे भाई एवं नवीन, प्रकाश, जितेंद्र, प्रमोद के बड़े भाई करण जैन के पिताजी एवं प्रतिक, मोहित और मेहुल के बडे पापा एवं स्व श्री नाथूलालजी, जगदीशचन्द्र, हेमराज के कंवरसाब एवं दिनेश, गजेन्द्र, राहुल, राकेश, संदीप, शुभम के जियाजी तथा पर्व, आदित्य के फुफाजी श्री चिमनलाल जी जैन (बोकडिया) का स्वर्गवास दिनांक 13/03/2024 को हो गया। जिनका उठावना दिनांक 15/03/2024 शुक्रवार, प्रात: 10 बजे, स्थान - श्रेयांसनाथ जैन मंदिर, गुरुद्वारा रोड, नईआबादी, मन्दसौर पर रखा गया है।



**✼✼✼ शोकाकुल ✼✼✼**
**समस्त बोकडिया जैन परिवार नीमच, मंदसौर**
**समस्त खाबिया परिवार मन्दसौर**

# चुनाव में मतदान के पहले दो बार ईवीएम की होती है जांच

**भोपाल, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेयरीफायबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) तैयार हो चुकी हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पहले दौर की जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विधानसभा चुनाव में जिन मशीनों का उपयोग किया गया था, उसका डाटा हटा दिया गया है यानी ये मशीनें अब पूरी तरह से खाली हैं और मतदान के लिए तैयार हैं। इन्हें वापस स्ट्रांग रूम में रखा जा चुका है और अब ये नाम वापसी के बाद उस समय निकलेंगी, जब प्रत्याशियों का नाम और उनके चुनाव चिह्न का बैलेट पेपर लगाया जाएगा। यह प्रक्रिया भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में संपन्न की जाएगी। इसके बाद फिर मशीन स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दी जाएंगी और मतदान से एक दिन पूर्व निकालकर मतदान दल के साथ संबंधित मतदान केंद्रों पर भेजी जाएंगी। यहां भी मतदान से एक घंटे पहले माकपोल कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्याशियों को पूर्व सूचना दी जाएगी ताकि वे इस प्रक्रिया के समय स्वयं उपस्थित रहें या फिर अपने किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करके भेजें। चुनाव आयोग यह प्रक्रिया इसलिए करता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही जागरुकता को लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है ताकि मतदान प्रक्रिया को समझ सकें।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नाहरगढ़ थाने पर खजूरी माण्डा निवासी रंगलाल पिता रणछोड धनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शराब पीने के आदी मेरा भाई देवीलाल आए दिन झगड़ा करता है, बीती शाम उसने शराब के नशे में गालियां दी, मैने मना किया तो मारपीट करने लगा व ईट से मेरे सिर पर मार दी। जिससे चोंटे आई खून बहने लगा। पुलिस ने आरोपी देवीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया।

# अश्लील कंटेंट दिखाने वाले 18 ओटीटी 10 ऐप, 57 सोशल मीडिया हैंडल सरकार ने किए ब्लॉक

**नईदिल्ली, 14 मार्च।** कंटेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। वहीं 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए हैं। ये ऐप ओटीटी प्लेटफॉर्म व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एंटरटेनमेंट के नाम पर अश्लील व आपत्तिजनक वीडियो दिखा रहे थे। इससे पहले इन ओटीटी ऐप्स को कई बार चेतावनी दी गई थी लेकिन इनके कंटेंट में किसी तरह के सुधार नहीं किया गया।

सरकार का कहना है कि 18 ओटीटी ऐप्स में से एक ऐप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया है। दो अन्य ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स व ऐप्स की ओर आकर्षित करने बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी उपयोग किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं। इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद, विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल थे। इन शिकायतों पर गौर करने के बाद इसी साल ओटीटी प्लेटफार्म के कंटेनेट पर निगरानी के लिए एक नया नियम इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड रूल्स 2021 लाया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुताबिक ए इस एक्ट कि धारा 67, 67 ए और 67 बी में ये प्रावधान है कि सरकार आपत्तिजनक कंटेनेट को प्रतिबंधित कर सके। ऐप पर दिखाई जाने वाली सीरीज के कुछ सीन व कहानी का वीडियो बनाकर इसका प्रोमो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाता है। वीडियो के साथ ऐप डाउनलोड करने का लिंक रहता है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर (म.प्र.)

E-mail-eepwdmandsaur0@gmail.com Ph-07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 22/2023-24/एसएसी/ मंदसौर दिनांक 11.03.2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखीत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2024_PWDRB _330399_1 | मंदसौर | Vehicle Service | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग मंदसौर के शासकीय कार्य के उपयोग हेतु स्वीफ्ट डिजायर/बोलेरो/समकक्ष वाहन किराये पर लगाने 12 माह के लिए | Eigth | रु.3.60 |
| 2 | 2024_PWDRB _331976_1 | मंदसौर | Vehicle Service | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग मंदसौर के शासकीय कार्य के उपयोग हेतु बोलेरो/समकक्ष वाहन किराये पर लगाने 12 माह (प्रत्येक माह में 15 दिन) के लिए | Fourth | रु.1.50 |
| 3 | 2024_PWDRB _331978_1 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर अंतर्गत मंदसौर शाखा के शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर. एस.आर. एवं एम.ओ.डब्ल्यू व अन्य कार्य। | First | रु.19.97 |
| 4 | 2024_PWDRB _331979_1 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर अंतर्गत मल्हारगढ़ शाखा के शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर. एस.आर. एवं एम. ओ. डब्ल्यू व अन्य कार्य | First | रु.19.97 |
| | | | | Total | | रु.45.04 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( mptenders.gov.in ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25.03.2024 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(EMD only RTGS/NEFT)

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग, मंदसौर

G-26199/23 वेक्सीन दवा नहीं जिन्दगी है, कोविड से सबको ही बंदगी है।


# लोकसभा चुनाव दृष्टिगत गरोठ विधानसभा के भाजपा मंडलो की संगठनात्मक बैठक संपन्न



**मंदसौर, 14 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टित संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 14 मार्च 2024 गुरूवार को मंदसौर जिले की गरोठ विधानसभा के भैसोदा, भानपुरा, गरोठ, खडावदा एंव मेलखेडा मंडल की बैठक की बैठक लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़ एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया की अध्यक्षता एंव विधायक चन्दरसिंह सिसौदिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल जी उपाध्याय डॉ.श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारी गणों द्वारा किया गया। बैठक में मंच पर जिला पदाधिकारीगण अजय तिवारी, राहुल मुजावदिया, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष गण चंद्रप्रकाश पंडा, उमराव सिंह चौहान, सौदान सिंह गुर्जर उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़ ने कहा की हम भाग्यशाली पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता है। जो हमें आज भारतीय जनता पार्टी में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में रह रहे समस्त वर्गो का उत्थान हुआ है। कई प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देशवासी लाभान्वित हो रहे है। हमें इस लोकसभा चुनाव में केन्द्र एंव राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करना है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की हम राजनेतिक युद्ध में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से इस लोकसभा चुनाव में कार्य करेंगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एंव क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में विगत 10 वर्षो में इस लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास के कार्य हुये है। मेडिकल कॉलेज, सैनिक विद्यालय, अंडर ब्रिज ओवर ब्रिज, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वें, सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में चम्बल का पानी जैसे कई ऐतिहासिक कार्य पूर्ण हुये है। हमें विकास की इन्ही बातो को लेकर अपने-अपने मंडल के प्रत्येक बूथ पर 10 दिवसीय बूथ विजय अभियान सम्पन्न करना है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर लाभार्थी भाई एंव बहनों से संपर्क कर 9638002024 नम्बर पर मिस्ड कॉल करवा कर संगठन एप्प पर फोटो के माध्यम से अपलोड करना है। आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्व पटल पर छा रहा है। भाजपा भी विश्व की सबसे बडी राजनीतिक दल के रूप में अपनी ख्याति प्राप्त कर चुकी है। हमें अपनी राजनीतिक उंचाई को बरकरार रखने के लिए ईमानदारी से दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए गरोठ विधानसभा के विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने कहा कि आज हम मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय होने के संकल्प को लेकर इस संगठन बैठक में उपस्थित हुये है। हमारी पार्टी ने ऐसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय और विकास के कार्य किये है। जिसके नाम से हम जनता जनार्दन के बीच सीना ठोक कर वोट प्राप्त करने की अपील कर सकते है। मुझे पूर्ण विश्वास है आप सभी परिश्रमी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम हमारे उम्मीदवार सुधीर गुप्ता को 6 लाख से अधिक वोटों से विजय बना कर पुन: लोकसभा में भेजेगें। मेलखेडा मंडल की बैठक में पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बसंतीलाल पाटीदार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल मतवाला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तूफान सिंह जी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मांगूसिंह जी, मण्डल महामंत्री महेंद्र पहाड़िया, खडावदा मंडल की बैठक में पूर्व जनपद अध्यक्ष भगवानसिंह चंद्रावत, वरिष्ठ कार्यकर्ता रंगलाल रावत, मण्डल महामंत्री श्यामसुन्दर सिसोदिया, गरोठ मंडल की बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्यामसिंह चौहान, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाटीदार, कार्यक्रम मंडल प्रभारी अशोक पहलवान, तूफानसिंह जी, भैसोदा मंडल की बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र भादवा, रमेश धाकड, महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेखा तिवारी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू वदवा, मंडल महामंत्री प्रवेश पनिहार, राजेश मेहर, मीनल चोरड़िया सहित मंडल में निवासरत पदाधिकारीगण एंव कार्यसमिति सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

महू-नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail-: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 24/2023-24

क्रमांक-734/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर, दिनांक - 12.03.2024

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.mptender.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपयों में) | 1. अर्नेस्टमनी (रूपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_344336_1 | Installation of 50 Nos Single Phase Motor pump at Diifferent Villages of Block Garoth District Mandsaur M. P. Probable As Par BOQ | 761250.00 | 1. 15225.00 2. द्वितीय आमंत्रण | 60 दिवस | 22.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED_344340_1 | Installation of 30 Nos Single Phase Motor pump at Diifferent Villages of Block Bhanpura District Mandsaur M. P. Probable As Par BOQ | 456750.00 | 1. 9135.00 2. द्वितीय आमंत्रण | 45 दिवस | 22.03.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त बेवसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर
फोन नं.-07422232190

G-26214/23 दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक EWS.B-219 श्री रामकिशन श्रीमाली पिता श्री जगन्नाथ श्रीमाली को आवंटन आदेश क्रमांक 4956 दिनांक 26.08.1987 को आवंटित किया गया था। भूखण्ड सेल डीड दिनांक 12.10.1987 को निष्पादित किया गया था।

श्री रामकिशन श्रीमाली पिता श्री जगन्नाथ श्रीमाली द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती सुमित्रा वाडेला (नीमा) पति श्री मुकेश कुमार वाडेला को विक्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 20.06.1996 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। श्री रामकिशन श्रीमाली पिता श्री जगन्नाथ श्रीमाली से संपर्क करने का काफी प्रयास किया गया था। किन्तु मूल आवंटी का कही अता पता नही चल रहा है। श्रीमती सुमित्रा वाडेला (नीमा) पति श्री मुकेश कुमार वाडेला द्वारा जाहिर सुचना प्रकाशित की गई है। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्रीमती सुमित्रा वाडेला (नीमा) पति श्री मुकेश कुमार वाडेला भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड क्रमांक EWS.B-219 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती सुमित्रा वाडेला (नीमा) पति श्री मुकेश कुमार वाडेला के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक M 02 का आवंटन श्री इमरान अली पिता श्री अब्दुल हुसैन दलाल को किया था तथा इनके द्वारा भवन का विक्रय- विलेख दिनांक 01.08.2001 को निष्पादित करवाया था। नामान्तरी श्री इमरान अली पिता श्री अब्दुल हुसैन दलाल का स्वर्गवास दिनांक 11.11.2002 को तथा इनकी पत्नी श्रीमती शिरीन बाई पति इमरान अली दलाल का स्वर्गवास दिनांक 15.10.2004 को हो जाने से इनके दो पुत्र श्री इलियास दलाल पिता इमरान अली एवं श्री अली हुसैन पिता इमरान अली अपनी एकमात्र बहन श्रीमती रुम्माना पति जिया हुसैन की सहमती एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन संयुक्त नाम से नामांतरित करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक M02 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री इलियास दलाल पिता इमरान अली एवं श्री अली हुसेन पिता इमरान अली के नाम कर दिया जावेगा उसके पक्षात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in